महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

डॉ. संदीप मधुकर सपकाळे
कुलानुशासक (प्रभारी)
Dr. Sandeep Madhukar Sapkale
Proctor (In-charge)

दूरभाष/Phone : +91-7152-251878

क्रमांक : 011/2018-19/सामान्य पत्राचार/16/1537
दिनांक 09.07.2026

सूचना

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समय-समय पर निर्गत सूचना क्रमांक **003/2003/का.आ./02-23/2023, दिनांक 28.03.2023, 003/2003/का.आ./02-59/2023, दिनांक 26.06.2023, 011/2024-25/कुला. जा.क्र. 1372, दिनांक 19.02.2025,** तथा **011/2018-19/सामान्य पत्राचार/16/1509, दिनांक 19.11.2025** के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की **नारेबाजी, जुलूस निकालना, ढपली बजाना तथा अनावश्यक शोर-शराबा करना प्रतिबंधित** घोषित किया गया है तथा ऐसे कृत्यों को विश्वविद्यालय की अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखा गया है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय में सत्रांत परीक्षाएँ, उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन, आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया तथा अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य संपादित किए जा रहे हैं। ऐसे में परिसर में किसी भी प्रकार की नारेबाजी, प्रदर्शन अथवा शोर-शराबे से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना रहती है, जिससे विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय के व्यापक हित प्रभावित होते हैं।

साथ ही, कार्यालयादेश क्रमांक **006/Estt./Gen./2019/01/2071, दिनांक 20.09.2023** के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर स्थित **"गांधी हिल, विद्यार्थी संवाद स्थल"** को विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों द्वारा अपनी शिकायतों अथवा मांगों के शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक प्रस्तुतीकरण हेतु अधिकृत धरना स्थल के रूप में निर्धारित किया गया है। निर्धारित स्थल के अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर के किसी भी अन्य स्थान पर धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह अथवा आंदोलन किया जाना अनुमन्य नहीं है।

अतः विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को निम्नलिखित निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु सूचित किया जाता है—

1. विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की **नारेबाजी, जुलूस निकालना, ढपली बजाना तथा अनावश्यक शोर-शराबा करना पूर्णतः प्रतिबंधित** है।
2. वर्तमान में संचालित परीक्षाओं, उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन, प्रवेश प्रक्रिया तथा अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न किया जाए।
3. सभी विद्यार्थियों/शोधार्थियों को सलाह दी जाती है कि अपने अध्ययन, शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित रखें तथा परिसर की शांति, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।
4. यदि किसी विद्यार्थी अथवा शोधार्थी को कोई शिकायत, सुझाव अथवा मांग प्रस्तुत करनी हो, तो उसका शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति हेतु केवल **"गांधी हिल, विद्यार्थी संवाद स्थल"** का ही उपयोग किया जाए। निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थान पर धरना, प्रदर्शन, सत्याग्रह अथवा आंदोलन किए जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

09.07.2026

(डॉ. संदीप मधुकर सपकाळे)

पोस्ट– हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail: proctormgahv@gmail.com **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

डॉ. संदीप मधुकर सपकाळे
कुलानुशासक (प्रभारी)
Dr. Sandeep Madhukar Sapkale
Proctor (In-charge)

दूरभाष/Phone : +91-7152-251878

प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा):

1. कुलपति सचिवालय
2. कुलसचिव कार्यालय
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
4. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केन्द्र निदेशक
5. परीक्षा नियंत्रक
6. मुख्य छात्रावास अधीक्षक
7. समस्त छात्रावास अधीक्षक
8. सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
9. सुरक्षा अधिकारी, आवश्यक कार्रवाई हेतु
10. प्रभारी, लीला, वेबसाइट पर अपलोड हेतु
11. संबंधित पत्रावली

पोस्ट– हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail: proctormgahv@gmail.com **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org